प्रादेशिक समाचार
31.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय करके ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने काशी के लंगड़ा, महाराष्ट्र के अल्फाज़ो, गुजरात के केसर और पश्चिम बंगाल के हिमसागर आम की चर्चा करते हुए कहा कि हर क्षेत्र के आम का स्वाद अनूठा और उसकी महक सोंधी होती है।
प्रधानमंत्री ने झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित राष्ट्रीय वरिष्ठ एथलेटिक्स महासंघ प्रतियोगिता की भी चर्चा की। इसमें लगभग 800 एथलीटों ने भाग लिया था।

****

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल दे”ाव्यापी खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य उर्वरकों का संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग, मौसम संबंधी चुनौतियों को देखते हुए किसानों को समय पर सलाह देना, पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी और योजनाओं का लाभ सीधे गांवों तक पहुंचाना है। अभियान के शुभारंभ से पहले, श्री चौहान ने झारखंड समेत सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस अभियान में उनकी भागीदारी के लिए बात की है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी पर कल हुए हमले की निंदा की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री सोरेन ने कहा है कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हिंसा और हमले के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने इस घटना के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

****

दुमका स्थित सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर विभागों, अंगीभूत और संबद्ध महाविद्यालयों में पहली जून से गर्मी की छुटियाँ शुरू हो जाएँगी। इसके तहत 20 जून तक विश्वविद्यालय और इसके अधीन संचालित सभी स्नातकोत्तर विभागों तथा महाविद्यालयों में नियमित शैक्षणिक और पठन–पाठन संबंधी गतिविधियां स्थगित रहेंगी।

****

देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम, एलआईसी अपनी बढ़ती डिजिटल जरूरतों को पूरा करने के लिए वित्तीय प्रौद्योगिकी, फिनटेक क्षेत्र में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी रणनीतिक निवेश के जरिये या स्वयं नई इकाई स्थापित कर फिनटेक कारोबार शुरू करने के विकल्पों पर विचार कर रही है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सीईओ और प्रबंध निदेशक आर दुरईस्वामी ने यह बात कही है।

****

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में कल रात से जारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बाद श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ज़िला प्रशासन के अनुसार, मौसम में सुधार होने तक केदारनाथ यात्रा मार्ग पर किसी भी श्रद्धालु को आगे जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

****

रामगढ़ जिले के उपायुक्त ऋतुराज और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर बीती रात रामगढ़ उपकारा का औचक निरीक्षण किया गया। हालाँकि, इस दौरान उपकारा परिसर से कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला।

****

जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र से पुलिस ने साइबर अपराध में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी अमित रविदास ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के पास से दस मोबाइल और दस सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

****

भारतीय महिला हॉकी टीम ने जापान में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अंडर–18 एशिया कप के पूल ए के अपने दूसरे मैच में आज कोरिया को 3–1 से पराजित कर दिया। भारत की तरफ से नौशीन नाज़, श्रुति कुमारी और किरण एक्का ने गोल किए। मलेशिया और कोरिया के खिलाफ जीत के बाद भारत अब पूल ए तालिका में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दो जून को पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने की कोशिश करेगा।

********समाप्त********